हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(तृतीय सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

मंगलवार, 28 अगस्त, 2018/6 भाद्रपद, 1940 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - कृषि मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - वन मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री].

कुल प्रश्न - 25

सब्जी व अनाज मण्डी का सुदृढ़ीकरण

***677 श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के टकारला पंचायत की सब्जी व अनाज मण्डी का JICA (Japan International Cooperation Agency) के माध्यम से सुदृढ़ीकरण का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कुल कितनी धनराशि का प्रावधान होगा?

सत्र न्यायालय कार्यालय कांगड़ा

***678 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार सत्र न्यायालय कांगड़ा के कार्यालय को कांगड़ा बाजार से अन्यत्र स्थानान्तरित करने का विचार रखती है?

कम वोल्टेज की समस्या

***679 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में गत तीन वर्षों में विद्युत विभाग द्वारा कितने लकड़ी के खम्भे बदले गए; और

(ख) कम वोल्टेज की समस्या को दूर करने के लिए क्या सरकार 66 के0 वी0 ए0 स्टेशन स्थापित करने बारे विचार रखती है; यदि हाँ, तो कब तक और किस स्थान पर; ब्यौरा दें?

वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बालिका) पीपली वाला

***680 श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि पांवटा साहिब विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बालिका) पीपली वाला के लिए कमरों का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है; और

(ख) यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है?

वृद्धा पेंशन

***681 श्री रमेश चंद ध्वाला(ज्वालामुखी) :**
श्री विक्रमादित्य सिंह(शिमला ग्रामीण) :

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) 70 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके कितने लाभार्थियों द्वारा बुढ़ापा पेंशन के लिए आवेदन किया गया; और

(ख) अभी तक कितने लोगों को सरकार की नीति अनुरूप पेंशन प्रदान कर दी गई तथा कितने मामले लम्बित हैं; ब्यौरा ज़िलावार दें?

घ्वांडल अस्पताल का निर्माण

***682 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) श्री नैना देवीजी में 50 बिस्तर अस्पताल घ्वांडल की प्रशासनिक स्वीकृति एवं वित्तीय अनुमोदन कब प्रदान किया गया तथा कार्य कब तक शुरू किया जाएगा; और

(ख) स्टाफ की स्वीकृति उपरान्त क्या पद भर दिए गए हैं; यदि नहीं, तो कब तक भर दिए जाएंगे?

आई0टी0आई0 चच्योट

*683 **श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आई0टी0आई0 चच्योट में कितने नए ट्रेड (trade) चलाने की अधिसूचना जारी की गई है; ब्यौरा दें?

शिमला सर्कुलर रोड

*684 **श्री अनिरूद्व सिंह (कसुम्पटी)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार द्वारा शिमला शहर की सर्कुलर रोड को चौड़ा करने हेतु कितनी धनराशि प्रदान की गई;

(ख) क्या इस सड़क का कार्य पूर्ण कर लिया गया है; और

(ग) यदि हां, तो सड़क के दोनों तरफ स्थानीय लोगों द्वारा अनाधिकृत पार्किंग रोकने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

औद्योगिक इकाइयों को ऋण

*685 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर)ः**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत 3 वर्षों में कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक ने औद्योगिक इकाइयों को कुल कितना ऋण दिया है; कितना ऋण NPA में है; और

(ख) किस-किस इकाई को किस-किस वर्ष में कितना ऋण दिया गया; ब्यौरा वर्षवार दिया जाये?

राष्ट्रीय राजमार्ग

*686 **श्री मुकेश अग्निहोत्री(हरोली) :**
श्री बिक्रम सिंह जरयाल(भटियात) :

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में केन्द्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के लिए कितने नेशनल हाइवेज स्वीकृत किए और इनके लिए कितनी धनराशि आबंटित हुई;

(ख) इनमें से कितने हाइवे की डी0पी0आर0 तैयार हो चुकी है और किन-किन पर कार्य शुरू हो चुका है;

(ग) नेशनल हाइवेज की अद्यतन स्थिति का ब्यौरा केन्द्र के साथ हुए पत्राचार सहित सभा पटल पर रखें; और

(घ) ज़िला चम्बा के लिए कौन सा राष्ट्रीय उच्च मार्ग घोषित हुआ है तथा उसके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत है?

औद्यानिकी महाविद्यालय

*687 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में औद्यानिकी महाविद्यालय एवं बड़ा CA Store खोलने का विचार रखती है; और

(ख) सरकार चिड़गांव में विषय विशेषज्ञ (SMS) का कार्यालय खोलने का विचार रखती है?

Nautor Land

*688 **Sh. Jagat Singh Negi(Kinnaur) :**
Sh. Rakesh Singha(Theog) :

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) how many cases of nautor are pending in Kalpa, Pooh, Nichar, Kaza, Udaypur and Keylong Sub-Divisions, Pangi and Bharmour of Tribal Areas in the Pradesh details be given; and

(b) whether the Government proposes to carry out mutations of

sanctioned Nautor land where mutations could not be done because of the operation of the Forest Conversation Act 1980; if yes, by when and if not, reasons thereof?

मुख्य मन्त्री राहत कोष

*689 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष के दौरान गम्भीर बीमारियों से ग्रस्त लोगों को मुख्य मंत्री राहत कोष से जारी की गई जो धनराशि स्वीकृति उपरान्त भी उपलब्ध नहीं हुई थी क्या ऐसी धनराशि अब उन आवेदकों को जारी कर दी गई है; यदि नहीं, तो कारण?

सोसायटी में घोटाला

*690 **श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि सहकारिता विभाग की कटौहड़ खुर्द पंचायत की सोसायटी में घोटाला हुआ है;

(ख) यदि हां, तो यह घोटाला कब हुआ और कुल कितनी धनराशि का है; और

(ग) विभाग इस मामले में क्या कार्रवाई करने जा रहा है?

एंटी हेलगन

*691 **श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) क्या सरकार आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत एंटी हेलगन स्थापित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो किस स्थान पर व कब तक स्थापित कर दिया जाएगा; और

(ख) यदि नहीं, तो ब्यौरा कारण सहित दें ?

भू-संरक्षण सिंचाई योजनाएं

***692 श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) उप-मण्डलीय भू-संरक्षण कार्यालय पांवटा साहिब में Micro Irrigation Scheme के अन्तर्गत कितने आवेदन लम्बित हैं; और

(ख) Macro Irrigation Scheme के अन्तर्गत shallow borewell के कितने आवेदन लम्बित हैं; ब्यौरा दें?

सरकार द्वारा ऋण की अदायगी

***693 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश सरकार द्वारा समय-समय पर कितना ऋण लिया गया तथा इस समय सरकार को कर्ज की कुल कितनी देनदारी है; और

(ख) कर्ज उतारने के लिए क्या-क्या पग उठाए गए; ब्यौरा दें?

Funds Received Under Different Schemes

***694 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) details of schemes of various Departments for which funds have been sanctioned and received by the State from the Center in the last six months; and

(b) when were the proposals sent by the State to the Center, date of recommending these schemes, be given?

तनबौल जगातखाना सिंचाई योजना

***695 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि तनबौल, जगातखाना सिंचाई योजना की प्रशासनिक स्वीकृति एवं वित्तीय अनुमोदन कब प्रदान किया गया तथा

इस योजना पर कुल कितनी धनराशि व्यय की जानी है; कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

स्यांज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

*696 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत स्यांज में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की अधिसूचना जारी कर दी गई है; यदि हां, तो कब; यदि नहीं, तो कारण?

होम स्टे

*697 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में कितने बैड एंड ब्रेकफास्ट (Bed and Breakfast) और होम स्टे (Home Stay) पंजीकृत हैं और कितने अवैध रूप से चल रहे हैं; ब्यौरा दें;

(ख) जो अवैध रूप से चल रहे हैं उनके विरूद्ध क्या कार्रवाई अमल में लाई गई; ब्यौरा दें; और

(ग) बैड एंड ब्रेकफास्ट और होम स्टे योजना के अन्तर्गत पंजीकृत करने हेतु प्रदूषण या अन्य विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किये जाते हैं; यदि हां, तो प्रति सभा पटल पर रखें?

Tourist Huts

*698 **Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that Tourisum Department has opened two Tourist Huts (Toursit Reception Centre) at Bhararighat in Solan and Ukhali in Hamirpur;

(b) when these were opened and what amount has been spent on construction of each hut; and

(c) whether these are functional; details be given?

आंगनबाड़ी/बालबाड़ी/शिशु केन्द्र

*699 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला चम्बा में कितनी आंगनबाड़ी, बालबाड़ी और शिशु केंद्र हैं, इनमें से कितनों के पास अपने भवन हैं और कितने निजी भवन में चल रहे हैं; ब्यौरा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

बाईपास निर्माण

*700 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) चिड़गांव बाईपास और रोहड़ू-समाला बाईपास का सर्वे हो चुका है; यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) बरसेटा (Barsheet) पुल व रोड़ का कार्य क्यों बंद पड़ा है और इसकी अद्यतन स्थिति क्या है?

सरकारी सम्पत्ति को नुकसान

*701 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि जुलाई, 2017 में कुछ उपद्रवियों द्वारा पुलिस थाना कोटखाई में तोड़-फोड़ व आगजनी से भारी क्षति पहुंचाई गई;

(ख) यदि हां, तो इस घटना से सरकारी सम्पत्ति, मालखाना, सरकारी वाहनों आदि को भौतिक एवं आर्थिक तौर पर कुल कितना नुकसान हुआ; और

(ग) इस घटना में शामिल उपद्रवियों के विरुद्ध पुलिस विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की गई; कृत कार्रवाई तथा FIR की नकल सभा पटल पर रखें?

शिमला: 171004. **यशपाल शर्मा,**

दिनांक: 10 अगस्त, 2018. **सचिव।**